Roll No. (अनुक्रमांक): .....

Code (कूट सं.) : 820-21SS–A

CLASS (कक्षा)–VIII

SOCIAL SCIENCE

(सामाजिक विज्ञान)

Please check that this question paper contains 36 questions and 16 printed pages.

कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में कुल 36 प्रश्न हैं तथा 16 मुद्रित पृष्ठ हैं।

(ANNUAL EXAM) (2020-21) वार्षिक परीक्षा

Time Allowed : 3 Hrs. **Maximum Marks : 80**

निर्धारित समय : 3 घंटे **अधिकतम अंक : 80**

General Instructions :

1. There are 36 questions in all. All questions are compulsory.
2. Marks are indicated against each question.
3. Write the question numbers as given in the question paper while answering a question in your answer book.
4. Questions 1–20 are very short answer type questions of 1 mark each.
5. Questions from 21–28 are 3 marks questions. Answer of these questions should not exceed 80 words each.
6. Question 29 to 34 are 5 marks questions. Answer of these questions should not exceed 120 words.
7. Questions 35 and 36 are map questions of 4 marks from Geography and 2 marks from History. After completion, attach the maps inside your answer book.

सामान्य निर्देश :

1. प्रश्न पत्र में कुल 36 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।
3. अपनी उत्तरपुस्तिका में उत्तर लिखते समय प्रश्न पत्र में दिया गया प्रश्नांक ही लिखें।
4. प्रश्न संख्या 1 से 20 तक अति लघुत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।
5. प्रश्न संख्या 21 से 28 तक प्रत्येके प्रश्न 3 अंक का है। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 80 शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए।
6. प्रश्न संख्या 29 से 34 तक प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 120 शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए।
7. प्रश्न संख्या 35 और 36 क्रमशः भूगोल और इतिहास के मानचित्र वाले प्रश्न हैं। भूगोल से 4 अंक का प्रश्न तथा इतिहास से 2 अंक के प्रश्न दिए गए हैं। इन्हें पूरा करने के के बाद मानचित्रों को अपनी उत्तर पुस्तिका के अंदर बांध दीजिए।

1. Which one of the following classification is based on the development of resources ?

(a) Biotic and abiotic

(b) Natural and man made

(c) Renewable and non-renewable

(d) Potential and developed

निम्नलिखित में से कौन सा वर्गीकरण संसाधनों के विकास पर आधारित है?

(a) जैविक और अजैविक संसाधन

(b) प्राकृतिक और मानव निर्मित संसाधन

(c) नवीकरणीय और अनवीकरणीय संसाधन

(d) सम्भावित और विकसित संसाधन

2. Which one of the following is a declared protected area where hunting of animals and cutting of trees are banned but limited human activities like collection of firewood and medicinal herbs in a moderate amount is allowed ?

(a) National Park (b) Wild life sanctuary

(c) Zoological park (d) None of the above

निम्नलिखित में से कौन सा एक घोषित संरक्षित क्षेत्र है जहाँ जानवरों का शिकार और पेड़ काटने पर प्रतिबन्ध है परन्तु थोड़ी मात्रा में ईंधन की लकड़ी तथा औषधीय जड़ी-बूटी एकत्र करने की अनुमति है?

(a) राष्ट्रीय पार्क (b) वन्य जीव अभ्यारण्य

(c) प्राणी उद्यान (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

3. Name any two Beverage crops.

किन्हीं दो फसलों के नाम लिखिए।

OR (अथवा)

Name any two Fibre crops.

किन्हीं दो रेशेदार फसलों के नाम लिखिए।

4. Correct the following statement and rewrite it :

"Livestock ranching is a part of subsistence agriculture and is common to the grasslands of America, South Africa and New Zealand."

निम्नलिखित कथन को ठीक करके पुन: लिखिए

''पशुपालन कृषि आजीविका निर्वाह कृषि का एक भाग है तथा अमेरिका, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के घास वाले मैदानों में सामान्यत: होती है।

5. Match the names given in Column 'A' correctly with the related information given in Column 'B' and choose the correct option given below as the answer:

Column A	Column B
(i) Mahatama Gandhi	(i) Vernacular Paper Kesri
(ii) Subhash Chandra Bose	(ii) My Experiment With Truth
(iii) Bal Gangadhar Tilak	(iii) Anandmath
(iv) Bankim Chandra Chattopadhyay	(iv) You give me blood, I will give you freedom.

Answer :

(a) i-ii, ii-iii, iii-i, iv-ii

(b) i-ii, ii-iv, iii-i, iv-iii

(c) i-iii, ii-iv, iii-ii, iv-i

(d) i-iv, ii-iii, iii-i, iv-ii

कॉलम 'A' में दिए गए नामों का कॉलम 'B' में दी गई उनसे सम्बन्धित जानकारी से सही मिलान कीजिए और नीचे दिए गए विकल्पों में सही उत्तर वाला विकल्प चुनिए

कॉलम A	कॉलम B
(i) महात्मा गाँधी	(i) समाचार पत्र 'केसरी'
(ii) सुभाष चन्द्र बोस	(ii) माय एक्सपेरीमेन्ट्स विद ट्रुथ
(iii) बाल गंगाधर तिलक	(iii) आनन्द मठ
(iv) बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय	(iv) तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूँगा

विकल्प

(a) i-ii, ii-iii, iii-i, iv-ii (b) i-ii, ii-iv, iii-i, iv-iii

(c) i-iii, ii-iv, iii-ii, iv-i (d) i-iv, ii-iii, iii-i, iv-ii

7. Name the city where 'Gateway of India' is situated.

उस नगर का नाम लिखिए जहाँ 'गेटवे ऑफ इंडिया' नामक इमारत स्थित है।

OR (अथवा)

Name the city where the building 'Victoria Memorial' is situated.

उस नगर का नाम लिखिए जहाँ 'विक्टोरिया मेमोरियल' नामक इमारत स्थित है।

8. Who among the following leaders was not a moderate ?

(a) Gopal Krishan Gokhle (b) Dadabhai Naroji

(c) Lala Lajpat Rai (d) Surender Nath Banerjee

निम्नलिखित नेताओं में से कौन सा नेता नरमपंथी नहीं था?

(a) गोपाल कृष्ण गोखले (b) दादाभाई नारोजी

(c) लाला लाजपत राय (d) सुरेन्द्र नाथ बनर्जी

8. What was the title given to the Governor-General after the Revolt of 1857?

1857 के विद्रोह के बाद गर्वनर-जनरल को क्या उपाधि दी गई?

9. Fill in the blank to complete the sentence :

Home Rule League was established by _____.

रिक्त स्थान भर कर वाक्य को पूरा कीजिए

होम रूल लीग की स्थापना _____ ने की थी।

10. Fill in the blanks to make a meaningful sentence :

The Plannning Commission was set up in _____ and was replaced by _____ in 2015.

रिक्त स्थान भरिये और एक सही वाक्य बनाइये

योजना आयोग की स्थापना _____ में हुई थी और 2015 में इसका स्थान _____ ने लिया।

11. Write the name of the bodies that are responsible for the following activities:

(i) Institution responsible for holding free and fair elections in India.

(ii) The body that made the Constitution of India.

निम्नलिखित ज़िम्मेवारी को निभाने वाली संस्थाओं के नाम लिखिए

(i) भारत में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव करवाने के लिए जिम्मेवार संस्था।

(ii) भारत का संविधान निर्मित करने वाली सभा।

12. After independence, which two princely states joined India after military action ?

स्वतंत्रता के बाद कौन सी दो देसी रियासतें सैनिक कार्यवाही के बाद भारत में शामिल हुईं?

13. Choose the correct option from the following which arranges the given statements in chronological order :

A. The Constitution of India was adopted

B. The Constitution of India was passed

C. Constituent Assembly was formed

D. Planning Commission was set up.

Options :

(i) A-B-C-D (ii) C-B-A-D

(iii) C-A-B-D (iv) D-B-A-C

निम्नलिखित कथनों को कालक्रमानुसार व्यवस्थित करने वाला सही क्रम निम्नलिखित विकल्पों में से चुनिए

A. भारत का संविधान लागू किया गया

B. भारत का संविधान पारित किया गया

C. संविधान सभा का गठन किया गया

D. योजना आयोग का गठन किया गया

विकल्प

(i) A-B-C-D (ii) C-B-A-D

(iii) C-A-B-D (iv) D-B-A-C

14. Explain the meaning of Universal Adult Franchise.

सार्वभौमिक व्यस्क मताधिकार का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

15. If a child of 10 years is employed as a labour in a brick kiln, then which fundamental right of the child is being violated ? State the name of the right.

यदि किसी दस वर्ष के बच्चे को ईंट के भट्टे पर श्रमिक के रूप में काम पर लगाया जाता है, तो उसके किस मौलिक अधिकार का हनन किया जाता है? उस मौलिक अधिकार का नाम लिखिए।

16. State any two subjects included in the Union List.

संघीय सूची में सम्मिलित कोई दो विषय लिखिए।

OR (अथवा)

State any two subjects included in the Concurrent List.

समवर्ती सूची में सम्मिलित कोई दो विषय लिखिए।

17. How many members of the Lok Sabha are elected from the Union Territories of India ?

भारत के केन्द्र शासित क्षेत्रों से लोकसभा के लिए कितने सदस्य चुने जाते हैं?

18. In this question two statements are given. One has been marked as Assertion (A) and the other as Reason (R). Read the statements and choose the correct option as the answer :

Assertion (A) : Speaker of Lok Sabha presides over the joint meeting of both the houses.

Reason (R) : Speaker of Lok Sabha is elected by the member of Lok Sabha and Rajya Sabha both.

Options :

(i) Both A and R are correct

(ii) Both A and R are incorrect

(iii) 'A' is correct but 'R' is not the explanation of 'A'.

(iv) 'A' is incorrect but R is correct.

नीचे दिए गए प्रश्न में दो कथन हैं जिनमें से एक को दावा (A) तथा दूसरे को कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है। कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही उत्तर के रूप में ठीक विकल्प को चुनिए।

दावा (A) : लोकसभा का अध्यक्ष दोनों सदनों की संयुक्त सभा की अध्यक्षता करता है।

कारण (R) : लोकसभा का अध्यक्ष लोकसभा और राज्यसभा के सदस्यों द्वारा निर्वाचित किया जाता है।

विकल्प :

(i) 'A' और 'R' दोनों कथन सही हैं

(ii) 'A' और 'R' दोनों कथन गलत हैं।

(iii) कथन 'A' ठीक है परन्तु कथन 'R' कथन 'A' का सही कारण नहीं है।

(iv) कथन 'A' गलत है पर कथन 'R' ठीक है।

19. Name the court which is known as the protector of Fundamental Rights and guardian of the Constitution.

उस न्यायालय का नाम लिखिये जिसे मौलिक अधिकारों की रक्षा करने वाला तथा संविधान के संरक्षक के रूप में जाना जाता है।

20. Highlight the importance of Public Interest Litigation.

जनहित याचिका के महत्व को उजागर कीजिए।

21. Explain any three differences between natural and man-made resources.

प्राकृतिक और मानव-निर्मित संसाधनों के बीच कोई तीन अन्तर स्पष्ट कीजिये।

OR (अथवा)

Explain any three factors on which the utilisation of resources depend.

ऐसे किन्हीं तीन कारकों को स्पष्ट कीजिये जिन पर संसाधनों की उपयोगिता निर्भर करती है।

22. How can we contribute to create a sustainable community for the sustenance of life on the earth ?

पृथ्वी पर जीवन को बनाए रखने के लिए हम सतत समुदाय के निर्माण में किस प्रकार योगदान दे सकते हैं?

23. Describe any three steps taken by Government of India to conserve the wild life.

वन्यजीवों के संरक्षण के लिए भारत सरकार द्वारा उठाए गए किन्हीं तीन कदमों का वर्णन कीजिए।

OR (अथवा)

How are we human beings responsible for disturbing the ecological balance of the environment ? Write any two effects of it.

पर्यावरण के पारिस्थितिक सन्तुलन को बिगाड़ने में हम मनुष्य किस प्रकार जिम्मेवार हैं? इसके कोई दो बुरे प्रभाव लिखिए।

24. How are letters, writings and speeches work as source of information about the modern period of Indian history ? Explain with examples.

किस प्रकार पुस्तकें, पत्र तथा भाषण भारतीय इतिहास के आधुनिक काल के बारे में जानकारी के स्त्रोत के रूप में कार्य करते हैं? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिये।

25. Highlight any three basic features of India's foreign policy.

भारत की विदेश नीति की किन्हीं तीन आधारभूत विशेषताओं को उजागर कीजिए।

26. Justify with the help of three examples that restrictions can be imposed on the fundamental rights to safeguard the interests of the entire community.

पूरे समुदाय के हितों की रक्षा के लिए मौलिक अधिकारों पर प्रतिबन्ध लगाए जा सकने को सही ठहराने के लिए कोई उदाहरण दीजिए।

27. Highlight any three powers of the Vice President of India as the presiding officer of the Rajya Sabha.

भारत के उपराष्ट्रपति की राज्य सभा के अध्यक्ष के रूप में किन्हीं तीन शक्तियों को उजागर कीजिये।

28. Explain the 'Original jurisdiction' of the Supreme Court.

सर्वोच्च न्यायालय के मूल क्षेत्राधिकार की व्याख्या कीजिए।

OR (अथवा)

Explain any three benefits of the Lok Adalats for the people.

लोगों के लिए लोक अदालतों से होने वाले कोई तीन लाभ स्पष्ट कीजिए।

29. Explain any five factors that affect the soil formation.

मृदा निर्माण को प्रभावित करने वाले किन्हीं पाँच कारकों की व्याख्या कीजिए।

OR (अथवा)

Explain any five methods for soil conservation.

मृदा संरक्षण के किन्हीं पाँच तरीकों को स्पष्ट कीजिए।

30. Highlight any five characteristics of plantation agriculture.

वृक्षारोपण कृषि की किन्हीं पाँच विशेषताओं को उजागर कीजिए।

31. "The failure of the revolt of 1857 was due to our own mistakes." Justify the statement with argument.

''1857 का विद्रोह हमारी अपनी गलतियों के कारण असफल हुआ''। तर्क देकर कथन को सही ठहराइये।

32. Describe any five features of the 'Quit India' Movement.

'भारत छोड़ो आन्दोलन' की किन्हीं पाँच विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

OR (अथवा)

Describe any five effects of the partition of Bengal on the India.

'बंगाल के विभाजन' के भारत पर हुए किन्हीं पाँच प्रभावों का वर्णन कीजिए।

33. "India has a single integrated judicial system". Support the statement with facts.

''भारत में एकल एकीकृत न्यायिक प्रणाली है''। तथ्य देकर कथन की पुष्टि कीजिए।

34. State any five powers and functions of the Prime Minister of India.

भारत के प्रधानमंत्री के कोई पाँच कार्य और शक्तियाँ लिखिए।

OR (अथवा)

How is the Union Council of Ministers appointed ? State any four functions of the Council of Ministers.

केन्द्रीय मंत्रिपरिषद का गठन कैसे होता है? केन्द्रीय मंत्रिपरिषद के कोई चार कार्य लिखिए।

Map Skill Based Questions

35. (a) Two features A and B have been marked on the given outline political map of the world. Identify these features with the help of information given below and write their correct names on the lines drawn on the map.

(A) A region of high rainfall (B) A type of forest

(b) On the same outline political map of the world locate and label the following:

(C) A high rainfall area in South East Asia

(D) Coniferous forests in North Canada

(a) संसार के राजनीतिक रेखा मानचित्र पर दो लक्षण A तथा B दर्शाए गए हैं। नीचे दी गई जानकारी के आधार पर उन्हें पहचानिए तथा उनके सही नाम मानचित्र में खींची गई रेखाओं पर लिखिए।

(A) अधिक वर्षा वाला क्षेत्र (B) वनों का एक प्रकार

(b) संसार के उसी दिए गए राजनीतिक मानचित्र पर निम्नलिखित को अंकित कीजिए तथा उनके सही नाम लिखिए।

(C) दक्षिणी पूर्वी एशिया का अधिक वर्षा वाला क्षेत्र

(D) उत्तरी कनाडा में शंकुधारी वन

Alternative question for the visually challenged students in lieu of Q. No. 35

35.1 Which region in South Africa gets low rainfall ?

35.2 Name one region in Africa where evergreen forest is found.

35.3 Name one tropical desert found in North Africa.

35.4 Name any two animals found in Mediterranean forest.

प्र.सं. 35 के स्थान पर केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए वैकल्पिक प्रश्न

35.1 दक्षिण अफ्रीका के कौन से क्षेत्र में सबसे कम वर्षा होती है?

35.2 अफ्रीका के एक क्षेत्र का नाम लिखिए जहाँ सदाबहार वन पाए जाते हैं।

35.3 उष्णकटिबंधीय रेगिस्तान का नाम लिखिए जो अफ्रीका के उत्तरी भाग में पाया जाता है।

35.4 भूमध्य वनों में पाए जाने वाले किन्हीं दो जानवरों के नाम लिखिए।

36. On the given outline political map of India, locate and label the following places :

(a) Delhi – The place from where Bahadur Shah Zafar II led the revolt of 1857.

(b) Dandi – The place where Mahatma Gandhi ended his epic Dandi March.

दिए गए भारत के रेखा मानचित्र पर निम्नलिखित स्थानों को अंकित कीजिए तथा उनका सही नाम भी लिखिए

(a) दिल्ली – वह स्थान जहाँ से बहादुर शाह जफर द्वितीय ने 1857 के विद्रोह की कमान संभाली थी।

(b) डांडी – वह स्थान जहाँ महात्मा गांधी ने अपनी डांडी यात्रा को समाप्त किया था।

Alternative question for visually challenged students in lieu of Q. No. 36

36.1 Name the place from where Begum Hazarat Mahal led the revolt of 1857.

36.2 Name the place where Moderates, Radicals and Muslim League jointly demanded self rule for India.

प्र.सं. 36 के स्थान पर केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए वैकल्पिक प्रश्न

36.1 उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ से बेगम हजरत महल ने 1857 के विद्रोह की कमान संभाली थी।


36.2 उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ पर नरमपंथियों, गरमपंथियों तथा मुस्लिम लीग ने एक साथ मिलकर स्वराज्य की मांग की थी।

Name _____ Class _____ Roll No. _____

नाम ..... कक्षा ..... अनुक्रमांक .....

Q. 35 Map

प्रश्न संख्या 35 मानचित्र




Name _____ Class _____ Roll No. _____

नाम ..... कक्षा ..... अनुक्रमांक .....

Q. 36 Map

प्रश्न संख्या 36 मानचित्र



❐❐❐